नवभारत my city लास्ट-पेज

# विवेकानन्द कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हुआ आयोजन, कन्या महाविद्यालय की भी रही सहभागिता

नवभारत ब्यूरो। मनेन्द्रगढ़।

शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन हुआ। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ भी संयुक्त रूप से आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि सरोज यादव अध्यक्ष नगर पंचायत लेदरी, धर्मेन्द्र पटवा पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ एवं अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी जिला-एमसीबी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने किया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

तत्पश्चात समवेत कक्ष में छात्रा राधिका श्रीवास, माही जायसवाल, महेश्वरी सिंह, अनीशा एवं माया ठाकुर के द्वारा राज्यगीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. विश्नोई के द्वारा अतिथियों का महाविद्यालय में हार्दिक अभिनंदन किया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दीक्षारंभ समारोह में उपस्थित नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का भी उन्होने हार्दिक अभिनंदन किया। डॉ. विश्नोई ने अपने उदबोधन में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के शिक्षातंत्र में व्यापक सुधारों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह नीति देश के शैक्षणिक ढांचे में गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों ही दृष्टियों से बदलाव लायेगा। नीति के अनुसार विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को मल्टीडिसिप्लिनरी और बहु-शाखा के रूप में विकसित किया जायेगा ताकि छात्रों को विभिन्न विषयों के अध्ययन करने का अवसर मिले। इस नीति में उच्च शिक्षा को समग्र दृष्टिकोण से देखने पर जोर दिया गया है जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान और रोजगारपरकता शामिल है।



### योग्यता आधारित प्रणाली को अपनाने पर दिया जोर

इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में संचालित विविध शैक्षणेत्तर गतिविधियों की जानकारी प्रदान की एवं छात्र-छात्राओं से अधिकाधिक सहभागिता करने के लिए आग्रह किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया गया है जिससे छात्रों की क्षमताओं का उचित मूल्यांकन किया जा सके। उन्होनें बताया कि शिक्षा को रूचिकर एवं तनावमुक्त बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके पश्चात महाविद्यालय में संकायवार नियुक्त एनईपी अम्बेसडर छात्र कान्हा केशरवानी, रोहित ग्वाल, तरन्नुम मंसूरी एवं राखी कुशवाहा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में अपनी बातें रखी। वहीं मुख्य अतिथि सरोज यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को देश की बुनियाद बताया जिस पर राष्ट्ररूपी भव्य इमारत खड़ी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत सभी के उत्तरदायित्व निर्धारित है उससे हम सभी बच नही सकते।

### शिक्षा में हुए बदलाव को विस्तार से विद्यार्थियों के समक्ष रखा गया

दीक्षारंभ के दूसरे चरण में एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अरूणिमा दत्ता एवं सदस्य स्मृति अग्रवाल, सुशील कुमार छात्रे के द्वारा पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत महाविद्यालयीन शिक्षा में हुए बदलाव को विस्तार से विद्यार्थियों के समक्ष रखा। इस दौरान एनईपी के प्रमुख शब्दावलियों एवं उनका आशय तथा विद्यार्थियों के विविध जिज्ञासाओं का उन्होने समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. विश्नोई ने समारोह के समापन पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

06/08/2024

# विवेकानंद व गर्ल्स कॉलेज के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की जानकारी दी गई

भास्कर न्यूज | मनेंद्रगढ़

शासकीय विवेकानंद पीजी कॉलेज व शासकीय गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि सरोज यादव अध्यक्ष नगर पंचायत लेदरी, विशिष्ट अतिथि सरजू यादव नेता प्रतिपक्ष नपा मनेंद्रगढ़, धर्मेन्द्र पटवा पूर्व नपाध्यक्ष व डीईओ अजय मिश्रा उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने की।

समारोह का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद समवेत कक्ष में छात्रा राधिका श्रीवास, माही जायसवाल, महेश्वरी सिंह, अनीशा व माया ठाकुर ने राज्यगीत प्रस्तुत किया।



विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अतिथि और अन्य।

प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के शिक्षातंत्र में व्यापक सुधारों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस नीति में उच्च शिक्षा को समग्र दृष्टिकोण से देखने पर जोर दिया है। इसमें शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान और रोजगारपरकता शामिल हैं। इस दौरान कॉलेज में संचालित विविध गतिविधियों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को देश की बुनियाद बताया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार तिवारी ने किया।

06/8/24

**कार्यक्रम**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विवेकानन्द महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह हुआ

# एनईपी-2020 शिक्षातंत्र में व्यापक सुधारों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज : डॉ. विश्नोई


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**मनेंद्रगढ़.** शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह हुआ। जिसमें नवीन कन्या महाविद्यालय की छात्राएं व स्टाफ शामिल हुए।

प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत के शिक्षातंत्र में व्यापक सुधारों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह नीति देश के शैक्षणिक ढांचे में गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों ही दृष्टियों से बदलाव लाएगा। नीति के अनुसार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को मल्टीडिसिप्लिनरी और बहु-शाखा के रूप में विकसित किया जाएगा। इस नीति में उच्च शिक्षा को समग्र दृष्टिकोण से देखने पर जोर दिया गया है। जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान और रोजगारपरकता शामिल हैं। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित विविध गतिविधियों की जानकारी दी। डीईओ अजय मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योग्यता आधारित प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया गया है। जिससे छात्रों की क्षमताओं का उचित मूल्यांकन किया जा सकेगा। शिक्षा को रूचिकर एवं तनावमुक्त बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक महत्वपूर्ण कदम है।

एनईपी अम्बेसडर छात्र कान्हा केशरवानी, रोहित ग्वाल, तरन्नुम मंसूरी एवं राखी कुशवाहा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में अपनी बातें रखी। मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष सरोज यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देश की बुनियाद बताया। जिस पर राष्ट्ररूपी भव्य इमारत खड़ी की जा सकती है।

इस नीति के तहत सभी के उत्तरदायित्व निर्धारित है। उससे हम सभी बच नही सकते है। एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अरूणिमा दत्ता एवं सदस्य स्मृति अग्रवाल, सुशील कुमार छात्रे ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालयीन शिक्षा में हुए बदलाव को विस्तार से रखा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरजू यादव पार्षद, धर्मेन्द्र पटवा पूर्व नपाध्यक्ष, डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती, डॉ. रश्मि तिवारी, सुशील तिवारी, प्रभा राज, रंजीतमणी सतनामी, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, अनुपा तिग्गा, सुनील गुप्ता, कमलेश पटेल, अनीता यादव, डॉ. रामजी गर्ग, रामनिवास गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।